जैकलीन फर्नांडिस ने बताया वह किसे कर रही हैं डेट

बीटाउन हसीना जैकलीन फर्नांडिसको डेट करने का सपना कई लड़के देखते हैं लेकिन यह अदाकारा इन दिनों किसी और को डेट करने में बिजी हैं। इस बारे में उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया। जब जैकलीन से उनकी रिलेशनशिप लाइफ को लेकर सवाल हुआ तो अदाकारा ने बताया, मैं अपनी बिल्ली म्यू म्यू को डेट कर रही हूं। मेरे पास अब चार बिल्लियां हैं। म्यू म्यू का पति है और उनके दो बच्चे हैं। मेरे पास अब परिवार है और मैं कैट पैरेंट हूं। अब जैकलीन के इस कॉमेंट का मतलब तो यही हुआ कि यह हसीना फिलहाल सिंगल है और इस दौर को वह काफी इंजॉय भी कर रही हैं। बता दें कि जैकलीन अपनी बिल्लियों से काफी प्यार करती हैं। वह अक्सर उनके साथ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर शेयर करती दिख जाती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि जैकलीन फिल्म कुली नंबर 1 की रीमेक और किक 2 में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में न तो ऐक्ट्रेस और न ही मेकर्स की ओर से कोई बयान सामने आया है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पायल रोहतगी ने करीना को किया टारगेट

आजकल ऐक्ट्रेस पायल रोहतगी अपने ट्वीट्स और विडियोज के कारण चर्चा में बनी हुई हैं। पिछले कुछ समय से वह लगातार राजनीतिक विषयों पर ट्वीट कर रही हैं। अब उन्होंने करीना कपूर खान को उनके बेटे तैमूर अली खान के नाम के लिए टारगेट किया है। पायल ने इस संबंध में एक विडियो ट्विटर पर शेयर किया है।

वैसे बता दें कि पायल के इन ट्वीट्स और विडियोज के बारे में उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं भी बताई जाती हैं। इससे पहले उन्होंने भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के उस विवादित बयान का भी सपोर्ट किया था जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताया था। प्रज्ञा के इस बयान की पीएम मोदी ने भी आलोचना की थी।

विडियो में पायल ने कहा कि हमारे देश में लोग एक नामी ऐक्ट्रेस (करीना) ने अपने बच्चे का नाम एक ऐसे हमलावर पर रखा है जिसने भारत में कत्लेआम मचा दिया था लेकिन लोगों को इससे परेशानी नहीं होती लेकिन प्रज्ञा सिंह ठाकुर के इस बयान पर दिक्कत है कि नाथूराम गोडसे देशभक्त था। अपने ट्वीट के साथ पायल ने लिखा, तैमूर ने 1398 में दिल्ली पर कब्जा किया और करोड़ों हिंदुओं को मारा था और उनका धर्म परिवर्तन किया था। यहां करीना के बच्चे का कोई कसूर नहीं क्योंकि वह तो मासूम है लेकिन बात हम उस इकोसिस्टम की कर रहे हैं जहां एक हिंदुस्तानी मां अपने बच्चे का नाम एक मुगल हत्यारे पर रख सकती है।

खैर यह पहली बार नहीं है जबकि करीना और सैफ अली खान को उनके बच्चे तैमूर के नाम को लेकर टारगेट किया गया हो। जब सैफ ने अपने बच्चे का नाम तैमूर रखा था तब भी इस बात पर काफी विवाद हुआ था।

बेहद बोल्ड अंदाज़ में गर्मियों मात दे रही हैं रिशीना कंधारी

टीवी एक्ट्रेस रिशीना कंधारी टीवी सीरियल 'दीया और बाती हम' और 'नागार्जुन एक योद्धा' का हिस्सा रह चुकीं हैं. रिशीना ने अपने बिजी शेड्यूल से कुछ वक्त निकाल कर अपने चाहने वालों के लिए अपनी खूबसूरत तस्वीरों को शेयर करती रहती हैं. इस मौके पर रिशीना ने अपनी बिकिनी बॉडी का इजहार कर के लोगों को चौंका दिया. बीते दिनों पति के साथ पूल में खूबसूरत पलों को एंजॉय करती रिशीना की ये तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हुई थी. टीवी एक्ट्रेस ने अपनी इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है. रिशीना के टीवी करियर की बात करें तो वह 'दीया और बाती हम', 'नागार्जुन एक योद्धा' और बिग मैजिक के शो अकबर- रक्त से तख्त तक में नजर आ चुकीं हैं.